वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर उत्तर प्रदेश



समाचार पत्रों में प्रकाशित ख़बरें

दिनांक: 23 अक्टूबर 2026

प्रस्तुति: मीडिया सेल

दैनिक जागरण

विषम सेमेस्टर के परीक्षा फार्म भरने की समय-सारिणी जारी

- 26 अक्टूबर तक विषयों का चयन कर सकेंगे छात्र
- 30 अक्टूबर तक फार्म भरने और सत्यापन का मौका

जागरण संवाददाता, मल्हनी (जौनपुर): वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय से संबद्ध गाजीपुर व जौनपुर महाविद्यालयों और विश्वविद्यालय परिसर के स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के विषम सेमेस्टर सत्र 2026-27 की परीक्षा के लिए आनलाइन फार्म भरने की समय-सारिणी जारी कर दी गई है। विद्यार्थियों को 26 अक्टूबर तक विषयों का चयन एवं सत्यापन, 30 अक्टूबर तक परीक्षा फार्म भरने और सत्यापन तथा 31 अक्टूबर तक परीक्षा शुल्क जमा करना होगा।

परीक्षा नियंत्रक डा. विनोद कुमार सिंह की ओर से जारी आदेश के अनुसार, स्नातक प्रथम एवं तृतीय तथा स्नातकोत्तर सप्तम एवं नवम सेमेस्टर के संस्थागत परीक्षा फार्म समर्थ पोर्टल के माध्यम से भरे जाएंगे। स्नातक प्रथम और स्नातकोत्तर सप्तम सेमेस्टर के कैरी फारवर्ड फार्म भी इसी पोर्टल पर भरे जाएंगे। स्नातक पंचम सेमेस्टर के संस्थागत एवं कैरी फारवर्ड, प्रथम सेमेस्टर के छूटे हुए संस्थागत तथा तृतीय सेमेस्टर के कैरी फारवर्ड परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय के पोर्टल से भरे जाएंगे। स्नातकोत्तर सप्तम एवं नवम सेमेस्टर के छूटे हुए कैरी फारवर्ड फार्म भी इसी पोर्टल के माध्यम से भरे जाएंगे। इस प्रक्रिया में सहायता के लिए विद्यार्थी सुबह 10 से शाम छह बजे तक 9118051031 पर संपर्क कर सकते हैं।विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी महाविद्यालयों, विभागाध्यक्षों एवं संकायाध्यक्षों को निर्धारित समयसीमा में परीक्षा फार्म भरवाने, सत्यापन कराने और शुल्क जमा कराने का निर्देश दिया है।

अमर उजाला

पूविवि में नकल का आरोप सिद्ध होने पर 65 विद्यार्थियों की परीक्षाएं निरस्त

13 परीक्षार्थियों को मिली क्लीन चिट, कैरी ओवर परीक्षा देने का मिलेगा अवसर

संवाद न्यूज एजेंसी

मल्हनी। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की सम सेमेस्टर परीक्षा सत्र 2025-26 में अनुचित साधनों का प्रयोग करने के आरोप में 65 परीक्षार्थियों के संबंधित प्रश्नपत्र की परीक्षा निरस्त कर दी गई है।

जांच में आरोप सही नहीं पाए जाने पर 13 परीक्षार्थियों को दोषमुक्त कर दिया गया। है। अनुचित साधन समिति की संस्तुति पर यह कार्रवाई की गई।

विश्वविद्यालय की सम सेमेस्टर परीक्षाओं के दौरान सचल दल ने कई छात्र-छात्राओं को नकल सामग्री और अनुचित साधनों के साथ पकड़ा था।



संबंधित प्रश्न पत्र में परीक्षार्थियों को मिलेगा शून्य अंक

इसके बाद संबंधित उत्तर पुस्तिकाओं की विषय विशेषज्ञों से जांच कराई गई।

विशेषज्ञों की रिपोर्ट, यूएफएम समिति की संस्तुति के आधार पर परीक्षार्थियों के मामलों में निर्णय लिया गया। निर्णय के अनुसार, बीटेक, बीएड, बीएससी, बीए, बीसीए, बीबीए, एलएलबी, एमए और एमकॉम सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों के 65 परीक्षार्थियों के संबंधित प्रश्नपत्र निरस्त किए गए हैं।

इन प्रश्नपत्रों में उन्हें शून्य अंक दिए जाएंगे। हालांकि, विश्वविद्यालय के नियमानुसार संबंधित विषय में कैरी ओवर परीक्षा देने का अवसर मिलेगा।

समिति ने उन्हें दोषमुक्त करते हुए उनका परीक्षा परिणाम सामान्य रूप से घोषित करने का निर्देश दिया है।

परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद सिंह ने इस संबंध में विश्वविद्यालय के सभी विभागाध्यक्षों, संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों, समर्थ सेल और परीक्षा परिणाम तैयार करने वाली एजेंसी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर भी इस संबंध में सूचना अपलोड करा दी गई है।

हिंदुस्तान

प्री-आरडी परेड के लिए चयन शिविर आयोजित

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय में गुरुवार को पूर्व गणतंत्र दिवस परेड (प्री-आरडी) 2027 के लिए चयन शिविर आयोजित किया गया। शिविर में संबद्ध महाविद्यालयों के दो सौ से अधिक एनएसएस स्वयंसेवकों और स्वयंसेविकाओं ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय लखनऊ के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. समरदीप सक्सेना ने कहा परेड में भाग लेना गर्व की बात है।

हिंदुस्तान

विषम सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म 30 तक भरे जाएंगे

जौनपुर, संवाददाता। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर और संबद्ध महाविद्यालयों में कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह के निर्देश पर सत्र 2026-27 के स्नातक एवं स्नातकोत्तर विषम सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि संस्थागत और कैरी फॉरवर्ड छात्र-छात्राओं के लिए ऑनलाइन विषयों के चयन एवं सत्यापन की तिथि 26 अक्तूबर निर्धारित की गई है। वहीं परीक्षा फॉर्म भरने और सत्यापन की अंतिम तिथि 30 अक्तूबर तथा ऑनलाइन परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 31 अक्तूबर तय की गई है। स्नातक प्रथम और तृतीय सेमेस्टर तथा परास्नातक सातवें और नौवें सेमेस्टर संस्थागत,

- 31 अक्टूबर तक शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि

साथ ही स्नातक प्रथम और परास्नातक सातवें सेमेस्टर कैरी फॉरवर्ड के फॉर्म समर्थ पोर्टल के माध्यम से भरे जाएंगे। इसके अतिरिक्त स्नातक पंचम सेमेस्टर संस्थागत व कैरी तथा छूटे हुए सेमेस्टर के फॉर्म पूर्व की भांति विश्वविद्यालय पोर्टल से भरे जाने हैं। परिणाम संबंधी प्रकरणों के निस्तारण के लिए पर ईमेल भेजा जा सकता है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी विभागाध्यक्षों, संकायाध्यक्षों व प्राचार्यों को निर्देशित किया है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कराएं, जिससे मुख्य परीक्षाएं समय पर आयोजित कराई जा सकें।

जनसंदेश टाइम्स

पीयू में पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर का हुआ आयोजन

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय,जौनपुर में पूर्व गणतंत्र दिवस परेड 2026 हेतु चयन शिविर शुक्रवार को कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह के संरक्षकत्त्व में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध विभिन्न महाविद्यालयों से आए 200 से अधिक स्वयंसेवकों तथा स्वयंसेविकाओं ने प्रतिभाग किया। चयन शिविर की शुरूआत वन्देमारम गीत से हुई उसके उपरांत मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ समरदीप सक्सेना, क्षेत्रीय निदेशक राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय लखनऊ, एवं राजेश तिवारी, युवा अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय लखनऊ, उपस्थित रहे। स्वागत एवं कार्यक्रम विवरण समन्वयक डॉ शशिकांत यादव ने किया। मुख्य अतिथि डॉ समरदीप सक्सेना ने अपने संबोधन में कहा कि गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेना प्रत्येक युवा के लिए गर्व और सम्मान की बात है लेकिन इस गौरवपूर्ण अवसर तक पहुँचने के लिए निरंतर अभ्यास, शारीरिक दक्षता, मानसिक दृढ़ता, समयबद्धता और अनुशासन की आवश्यकता होती है। युवा अधिकारी राजेश तिवारी ने प्री आरडी परेड के बारे विस्तार पूर्वक बताया। प्रो प्रमोद कुमार यादव ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मूल मंत्र मैं नहीं, बल्कि आप हमें निःस्वार्थ सेवा और सामूहिक उत्तरदायित्व का संदेश देता है। प्रो मनोज मिश्र ने कहा कि युवा केवल देश का भविष्य नहीं, बल्कि वर्तमान में परिवर्तन लाने की सबसे बड़ी शक्ति हैं।

कुलपति प्रो राकेश कुमार सिंह ने कहा कि उठें समाज के लिए उठें-उठें, जगें स्वराष्ट्र के लिए जगें-जगें। यह गीत अपने जीवन में उतारने के लिए है। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक अभिनव कीर्ति पाण्डेय ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ राजश्री सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ. श्वेता पांडेय, डॉ अजय मौर्य, डॉ. अरविंद यादव, प्राचार्य, मां इसराजी देवी पीजी कॉलेज जौनपुर तथा महाविद्यालयों के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अवधेश मौर्य, डॉ. सोमारूराम प्रजापति, डॉ राजेश तिवारी, डॉ पवन सिंह, डॉ. प्रभात कुमार, भुलन सिंह आदि रहें।

जनसंदेश टाइम्स

कुलपति ने मतदाताओं से की मतदान की अपील

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आरके सिंह ने आगामी राज्य विधान परिषद के द्विवार्षिक निर्वाचन को लेकर मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है। ?विश्वविद्यालय द्वारा जारी आधिकारिक पत्र के अनुसार, दिनांक 23 अक्टूबर 2026 को राज्य विधान परिषद के द्विवार्षिक निर्वाचन के लिए मतदान आयोजित होना है। इस निर्वाचन में स्नातक एवं शिक्षक स्नातक के वैध (बोनाफाइड) मतदाताओं द्वारा मतदान किया जाना है। ?कुलपति प्रो. आरके सिंह ने सभी पात्र मतदाताओं से आह्वान किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्रों पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें और लोकतंत्र को सशक्त एवं मजबूत बनाएं।

उत्तर शक्ति

पीयू में पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर का हुआ आयोजन

उठें समाज के लिए, जगें राष्ट्र के लिएह्व के संदेश के साथ कुलपति ने ठरर स्वयंसेवकों को किया प्रेरित

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय,जौनपुर में पूर्व गणतंत्र दिवस परेड 2026 हेतु चयन शिविर शुक्रवार 22 अक्टूबर 2026 को कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह के संरक्षकत्त्व में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध विभिन्न महाविद्यालयों से आए 200 से अधिक स्वयंसेवकों तथा स्वयंसेविकाओं ने प्रतिभाग किया। चयन शिविर की शुरूआत वन्देमारम गीत से हुई उसके उपरांत मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ समरदीप सक्सेना, क्षेत्रीय निदेशक राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय लखनऊ, एवं श्री राजेश तिवारी, युवा अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय लखनऊ, उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत एवं कार्यक्रम विवरण कार्यक्रम समन्वयक डॉ शशिकांत यादव ने किया । मुख्य अतिथि डॉ समरदीप सक्सेना ने अपने संबोधन में कहा कि गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेना प्रत्येक युवा के लिए गर्व और सम्मान की बात है। लेकिन इस गौरवपूर्ण अवसर तक पहुँचने के लिए निरंतर अभ्यास, शारीरिक दक्षता, मानसिक दृढ़ता, समयबद्धता और अनुशासन की आवश्यकता होती है। परेड में कदमों का तालमेल केवल शारीरिक अभ्यास नहीं है, बल्कि यह एकता, समन्वय और सामूहिक उत्तरदायित्व



का प्रतीक भी है। युवा अधिकारी राजेश तिवारी ने प्री आरडी परेड के बारे विस्तार पूर्वक बताया और कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सेवा, संस्कार, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व का सशक्त माध्यम है। इसका उद्देश्य युवाओं को समाज की समस्याओं के प्रति संवेदनशील बनाना और उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है।

प्रो प्रमोद कुमार यादव ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मूल मंत्र 'मैं नहीं, बल्कि आप' हमें निःस्वार्थ सेवा और सामूहिक उत्तरदायित्व का संदेश देता है। एक सच्चा स्वयंसेवक वही है, जो समाज की समस्याओं को समझे, उनके समाधान के लिए आगे आए और अपने आचरण से दूसरों के लिए प्रेरणा बने।

प्रो मनोज मिश्र ने कहा कि युवा केवल देश का भविष्य नहीं, बल्कि वर्तमान में परिवर्तन लाने की सबसे बड़ी शक्ति हैं। आप अपनी ऊर्जा और प्रतिभा का उपयोग समाज की समस्याओं के समाधान के लिए करें। स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, नशामुक्ति और सामाजिक जागरूकता जैसे कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाएँ।

कुलपति प्रो राकेश कुमार सिंह ने कहा कि 'उठें समाज के लिए उठें-उठें, जगें स्वराष्ट्र के लिए जगें-जगें।' हमें प्रेरित करती हैं कि हम व्यक्तिगत स्वार्थों से ऊपर उठ कर समाज और राष्ट्र के कल्याण के लिए कार्य करें। यह गीत केवल गाने के लिए नहीं, बल्कि अपने जीवन में उतारने के लिए है। जब हम समाज की समस्याओं के प्रति जागरूक होते हैं और उनके समाधान के लिए आगे आते हैं, तभी राष्ट्रीय सेवा योजना की भावना वास्तविक रूप में साकार होती है।

मुझे विश्वास है कि वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक इस भावना को अपने आचरण में उतारते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन के वाहक बनेंगे।

चयन प्रक्रिया तिलकधारी पीजी कालेज के संगीत विभाग के डॉ.नरेन्द्र देव पाठक, 98 एनसीसी यूपी बटालियन, एनसीसी सूबेदार मनोज सिंह, सूबेदार की देख-रेख में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक अभिनव कीर्ति पाण्डेय ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ राजश्री सिंह ने किया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्वेता पांडेय, डॉ अजय मौर्य, डॉ. अरविंद यादव, प्राचार्य, मां इसराजी देवी पीजी कॉलेज जौनपुर तथा महाविद्यालयों के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अवधेश मौर्य, डॉ. सोमारूराम प्रजापति, डॉ राजेश तिवारी, डॉ पवन सिंह, डॉ. प्रभात कुमार, श्री भुलन सिंह, डॉ. नीलेश सिंह, डॉ. चित्रलेखा सिंह, डॉ. सुषमा मिश्रा, मनीष कुमार , डॉ अनुराग मिश्र, डॉ राशिकेश स्वयंसेववक सुमित सिंह, सत्यम सुंदरम मौर्य, हर्ष यादव, आंचल मौर्य, प्रियांशी मौर्य, प्रभात तिवारी, खुशी कन्नौजिया, श्रुति पाण्डेय, मुस्कान यादव सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहें।

उत्तर शक्ति

पूर्वांचल विश्वविद्यालयः विषम सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म 30 तक भरे जाएंगे

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर व संबद्ध महाविद्यालयों में कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह के निर्देश पर सत्र 2026-27 के स्नातक एवं स्नातकोत्तर विषम सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि संस्थागत व कैरी फॉरवर्ड छात्र-छात्राओं के लिए ऑनलाइन विषयों के चयन एवं सत्यापन की तिथि 26 अक्टूबर निर्धारित की गई है। वहीं परीक्षा फॉर्म भरने व सत्यापन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर तथा ऑनलाइन परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2026 तय की गई है।

31 अक्टूबर तक शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि

परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि स्नातक प्रथम व तृतीय सेमेस्टर तथा परास्नातक सातवें व नौवें सेमेस्टर संस्थागत, साथ ही स्नातक प्रथम व परास्नातक सातवें सेमेस्टर कैरी फॉरवर्ड के फॉर्म समर्थ पोर्टल के माध्यम से भरे जाएंगे। इसके अतिरिक्त स्नातक पंचम सेमेस्टर संस्थागत व कैरी तथा छूटे हुए सेमेस्टर के फॉर्म पूर्व की भांति विश्वविद्यालय पोर्टल से भरे जाने हैं। परिणाम संबंधी प्रकरणों के निस्तारण हेतु support@vbspu.ac.in पर ईमेल भेजा जा सकता है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी विभागाध्यक्षों, संकायाध्यक्षों व प्राचार्यों को निर्देशित किया है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कराएं, जिससे मुख्य परीक्षाएं समय पर आयोजित कराई जा सकें।

पहल टुडे

गाजियाबाद, शुक्रवार 23 अक्टूबर 2026

पूर्वांचल विश्वविद्यालय: विषम सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म 30 तक भरे जाएंगे

31 अक्टूबर तक शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि

पहल टुडे



जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर व संबद्ध महाविद्यालयों में कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह के निर्देश पर सत्र 2026-27 के स्नातक एवं स्नातकोत्तर विषम सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि संस्थागत व कैरी फॉरवर्ड छात्र-छात्राओं के लिए ऑनलाइन विषयों के चयन एवं सत्यापन की तिथि 26 अक्टूबर निर्धारित की गई है। वहीं परीक्षा फॉर्म भरने व सत्यापन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर तथा ऑनलाइन परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2026 तय की गई है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि स्नातक प्रथम व तृतीय सेमेस्टर तथा परास्नातक सातवें व नौवें सेमेस्टर संस्थागत, साथ ही स्नातक प्रथम व परास्नातक सातवें सेमेस्टर कैरी फॉरवर्ड के फॉर्म समर्थ पोर्टल के माध्यम से भरे जाएंगे।

इसके अतिरिक्त स्नातक पंचम सेमेस्टर संस्थागत व कैरी तथा छूटे हुए सेमेस्टर के फॉर्म पूर्व की भांति विश्वविद्यालय पोर्टल से भरे जाने हैं। परिणाम संबंधी प्रकरणों के निस्तारण हेतु support@vbspu.ac.in पर ईमेल भेजा जा सकता है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी विभागाध्यक्षों, संकायाध्यक्षों व प्राचार्यों को निर्देशित किया है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कराएं, जिससे मुख्य परीक्षाएं समय पर आयोजित कराई जा सकें।

नॉर्दर्न इंडिया पत्रिका

Vice-Chancellor Appeals to Voters to Exercise Their Franchise

Jaunpur: Prof R.K. Singh, Vice-Chancellor of Veer Bahadur Singh Purvanchal University, has appealed to voters to exercise their voting rights in the upcoming biennial election to the State Legislative Council.

According to an official communication issued by the university, polling for the biennial election to the State Legislative Council is scheduled for October 23, 2026. Eligible and bona fide voters belonging to the Graduates' and Teachers' constituencies will participate in the election.

Vice-Chancellor Prof R.K. Singh urged all eligible voters to reach their respective polling stations in large numbers and exercise their franchise, emphasising that active participation in elections strengthens democracy.

नॉर्दर्न इंडिया पत्रिका

Pre-Republic Day Parade Selection Camp Held at PU

Jaunpur: A selection camp for the Pre-Republic Day Parade 2026 was held at Veer Bahadur Singh Purvanchal University, Jaunpur, on October 22, 2026, under the patronage of Vice-Chancellor Prof Rakesh Kumar Singh. More than 200 National Service Scheme (NSS) volunteers from various colleges affiliated with the university participated in the camp.

The programme began with the singing of Vande Mataram, followed by a floral tribute to Goddess Saraswati.

The chief guests were Dr Samardeep Saxena, Regional Director of the National Service Scheme, Regional Directorate, Lucknow, and Rajesh Tiwari, Youth Officer at the same directorate. Programme Coordinator Dr Shashikant Yadav welcomed the guests and outlined the details of the event.

Addressing the participants, Dr Samardeep Saxena said that participating in the Republic Day Parade was a matter of great pride and honour for every young person. However, he emphasised that reaching this prestigious platform required continuous practice, physical fitness, mental resilience, punctuality and discipline.

Prof Pramod Kumar Yadav said that the National Service Scheme's motto, "Not Me, But You," conveyed the message of selfless service and collective responsibility.

Prof Manoj Mishra observed that young people were not merely the future of the country but also a powerful force for bringing about change in the present.



He urged the volunteers to use their energy and talents to address social challenges.

Vice-Chancellor Prof Rakesh Kumar Singh expressed confidence that NSS volunteers of Veer Bahadur Singh Purvanchal University would put these values into practice and become agents of positive social change.

The selection process was conducted under the supervision of Dr Narendra Dev Pathak of the Department of Music at Tilakdhari PG College and Subedar Manoj Singh of the 98 UP Battalion of the National Cadet Corps (NCC).

Volunteer Abhinav Kirti Pandey conducted the programme, while Dr Rajshri Singh delivered the vote of thanks.

NORTHERN INDIA PATRIKA

समाचार भारत

कासगंज/जौनपुर

लखनऊ, शुक्रवार, 23 अक्टूबर 2026

Email-samacharbharatgzp@gmail.com

पीयू में पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर का हुआ आयोजन

समाचार भारत/विवेक सिंह ब्यूरो चीफ जौनपुर

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में पूर्व गणतंत्र दिवस परेड 2026 हेतु चयन शिविर शुक्रवार 22 अक्टूबर 2026 को कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह के संरक्षकत्त्व में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध विभिन्न महाविद्यालयों से आए 200 से अधिक स्वयंसेवकों तथा स्वयंसेविकाओं ने प्रतिभाग किया। चयन शिविर की शुरुआत वन्देमारम गीत से हुई उसके उपरांत मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ समरदीप सक्सेना, क्षेत्रीय निदेशक राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय लखनऊ, एवं श्री राजेश तिवारी, युवा अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय लखनऊ, उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत एवं कार्यक्रम विवरण कार्यक्रम समन्वयक डॉ शशिकांत यादव ने किया । मुख्य अतिथि डॉ समरदीप सक्सेना ने अपने संबोधन में



» उठें समाज के लिए, जगें राष्ट्र के लिए" के संदेश के साथ कुलपति ने NSS स्वयंसेवकों को किया प्रेरित

कहा कि गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेना प्रत्येक युवा के लिए गर्व और सम्मान की बात है। लेकिन इस गौरवपूर्ण अवसर तक पहुँचने के लिए निरंतर अभ्यास, शारीरिक दक्षता, मानसिक दृढ़ता, समयबद्धता और अनुशासन की आवश्यकता होती है। परेड में कदमों का तालमेल केवल शारीरिक अभ्यास नहीं है, बल्कि यह एकता, समन्वय और सामूहिक उत्तरदायित्व का प्रतीक भी है। युवा अधिकारी राजेश तिवारी ने प्री आरडी परेड के बारे विस्तार पूर्वक बताया और कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सेवा, संस्कार, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व का सशक्त माध्यम है। इसका उद्देश्य युवाओं को समाज की समस्याओं के प्रति संवेदनशील बनाना और उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। प्रो प्रमोद कुमार यादव ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मूल मंत्र "मैं नहीं, बल्कि आप" हमें निःस्वार्थ सेवा और सामूहिक उत्तरदायित्व का संदेश देता है। एक सच्चा स्वयंसेवक वही है, जो समाज की समस्याओं को समझे, उनके समाधान के लिए आगे आए और अपने आचरण से दूसरों के लिए प्रेरणा बने। प्रो मनोज मिश्र ने कहा कि युवा केवल देश का भविष्य नहीं, बल्कि वर्तमान में परिवर्तन लाने की सबसे बड़ी शक्ति हैं। आप अपनी ऊर्जा और प्रतिभा का उपयोग समाज की समस्याओं के समाधान के लिए करें। स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, नशामुक्ति और सामाजिक जागरूकता जैसे कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाएँ। कुलपति प्रो राकेश कुमार सिंह ने कहा कि "उठें समाज के लिए उठें-उठें, जगें स्वराष्ट्र के लिए जगें-जगें।" हमें प्रेरित करती हैं कि हम व्यक्तिगत स्वार्थों से ऊपर उठकर समाज और राष्ट्र के कल्याण के लिए कार्य करें। यह गीत केवल गाने के लिए नहीं, बल्कि अपने जीवन में उतारने के लिए है। जब हम समाज की समस्याओं के प्रति जागरूक होते हैं और उनके समाधान के लिए आगे आते हैं, तभी राष्ट्रीय सेवा योजना की भावना वास्तविक रूप में साकार होती है। मुझे विश्वास है कि वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक इस भावना को अपने आचरण में उतारते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन के वाहक बनेंगे। चयन प्रक्रिया तिलकधारी पीजी कालेज के संगीत विभाग के डॉ.नरेन्द्र देव पाठक, 98 एनसीसी यूपी बटालियन, एनसीसी सूबेदार मनोज सिंह, सूबेदार की देख-रेख में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक अभिनव कीर्ति पाण्डेय ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ राजश्री सिंह ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्वेता पांडेय, डॉ अजय मौर्य, डॉ. अरविंद यादव, प्राचार्य, मां इसराजी देवी पीजी कॉलेज जौनपुर तथा महाविद्यालयों के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अवधेश मौर्य, डॉ. सोमारूराम प्रजापति, डॉ राजेश तिवारी, डॉ पवन सिंह, डॉ. प्रभात कुमार, श्री भुलन सिंह, डॉ. नीलेश सिंह, डॉ. चित्रलेखा सिंह, डॉ. सुषमा मिश्रा, मनीष कुमार , डॉ अनुराग मिश्र, डॉ राशिकेश स्वयंसेवक सुमित सिंह, सत्यम सुंदरम मौर्य, हर्ष यादव, आंचल मौर्य, प्रियांशी मौर्य, प्रभात तिवारी, खुशी कन्नौजिया, श्रुति पाण्डेय, मुस्कान यादव सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहें।

अवधनामा

पीयू में पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय,जौनपुर में पूर्व गणतंत्र दिवस परेड 2026 हेतु चयन शिविर शुक्रवार 22 अक्टूबर 2026 को कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह के संरक्षकत्त्व में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध विभिन्न महाविद्यालयों से आए 200 से अधिक स्वयंसेवकों तथा स्वयंसेविकाओं ने प्रतिभाग किया। चयन शिविर की शुरुआत वन्देमारम गीत से हुई उसके उपरांत मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ समरदीप सक्सेना, क्षेत्रीय निदेशक राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय लखनऊ, एवं श्री राजेश तिवारी, युवा अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय लखनऊ, उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत एवं कार्यक्रम विवरण कार्यक्रम समन्वयक डॉ शशिकांत यादव ने किया । मुख्य अतिथि डॉ समरदीप सक्सेना ने अपने संबोधन में कहा कि गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेना प्रत्येक युवा के लिए गर्व और सम्मान की बात है। लेकिन इस गौरवपूर्ण अवसर तक पहुँचने के लिए निरंतर अभ्यास, शारीरिक दक्षता, मानसिक दृढ़ता, समयबद्धता और अनुशासन की आवश्यकता होती है। परेड में कदमों का तालमेल केवल शारीरिक अभ्यास नहीं है, बल्कि यह एकता, समन्वय और सामूहिक उत्तरदायित्व का प्रतीक भी है। युवा अधिकारी राजेश तिवारी ने प्री आरडी परेड के बारे विस्तार पूर्वक बताया और कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सेवा, संस्कार, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व का सशक्त माध्यम है। इसका उद्देश्य युवाओं को समाज की समस्याओं के प्रति संवेदनशील बनाना और उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। प्रो प्रमोद कुमार यादव ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मूल मंत्र 'मैं नहीं, बल्कि आप' हमें निःस्वार्थ सेवा और सामूहिक उत्तरदायित्व का संदेश देता है। एक सच्चा स्वयंसेवक वही है, जो समाज की समस्याओं को समझे, उनके समाधान के लिए आगे आए और अपने आचरण से दूसरों के लिए प्रेरणा बने।

उदय उत्तर

पूर्वांचल विश्वविद्यालय: विषम सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म 30 अक्टूबर तक भरे जाएंगे

पूर्वांचल विश्वविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के सेमेस्टर परीक्षा फार्म भरने की समय-सारिणी जारी

जौनपुर / उदय उत्तर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय से संबद्ध गाजीपुर व जौनपुर महाविद्यालयों और विश्वविद्यालय परिसर के स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के विषम सेमेस्टर सत्र 2026-27 की परीक्षा के लिए ऑनलाइन फार्म भरने की समय-सारिणी जारी कर दी गई है।



विद्यार्थियों को 26 अक्टूबर तक विषयों का चयन एवं सत्यापन, 30 अक्टूबर तक परीक्षा फार्म भरने और सत्यापन तथा 31 अक्टूबर तक परीक्षा शुल्क जमा करना होगा।

परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह की ओर से जारी आदेश के अनुसार, स्नातक प्रथम एवं तृतीय तथा स्नातकोत्तर सप्तम एवं नवम सेमेस्टर के संस्थागत परीक्षा फार्म समर्थ पोर्टल के माध्यम से भरे जाएंगे। स्नातक प्रथम और स्नातकोत्तर सप्तम सेमेस्टर के कैरी फारवर्ड फार्म भी इसी पोर्टल पर भरे जाएंगे। विद्यार्थियों को परीक्षा फार्म भरने से पहले विषयों और प्रश्नपत्रों का सही चयन करना होगा।

इसमें त्रुटि होने पर संबंधित महाविद्यालय जिम्मेदार होंगे। वहीं, स्नातक पंचम सेमेस्टर के संस्थागत एवं कैरी फारवर्ड, प्रथम सेमेस्टर के छूटे हुए संस्थागत तथा तृतीय सेमेस्टर के कैरी फारवर्ड परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय के पोर्टल से भरे जाएंगे।

स्नातकोत्तर सप्तम एवं नवम सेमेस्टर के छूटे हुए कैरी फारवर्ड फार्म भी इसी पोर्टल के माध्यम से भरे जाएंगे।

इस प्रक्रिया में सहायता के लिए विद्यार्थी सुबह 10 से शाम छह बजे तक 9118051031 पर संपर्क कर सकते हैं।विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी महाविद्यालयों, विभागाध्यक्षों एवं संकायाध्यक्षों को निर्धारित समयसीमा में परीक्षा फार्म भरवाने, सत्यापन कराने और शुल्क जमा कराने का निर्देश दिया है।

इसके साथ ही यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थी निर्धारित अर्हताएं पूरी करते हों। परीक्षा निर्धारित तिथि से शुरू होगी। परिणाम संबंधी समस्याओं के निस्तारण के लिए support@vbspu.ac.in पर ई-मेल किया जा सकता है।

द आइडियल इंडिया

पूर्वांचल विश्वविद्यालयः विषम सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म 30 तक भरे जाएंगे

आइडियल इंडिया न्यूज
डा राजेश जैन, जौनपुर

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर व संबद्ध महाविद्यालयों में कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह के निर्देश पर सत्र 2026-27 के स्नातक एवं स्नातकोत्तर विषम सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि संस्थागत व कैरी फॉरवर्ड छात्र-छात्राओं के लिए ऑनलाइन विषयों के चयन एवं सत्यापन की तिथि 26 अक्टूबर निर्धारित की गई है। वहीं परीक्षा फॉर्म भरने व सत्यापन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर तथा ऑनलाइन परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2026 तय की गई है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि स्नातक प्रथम व तृतीय सेमेस्टर तथा परास्नातक सातवें व नौवें सेमेस्टर संस्थागत, साथ ही स्नातक प्रथम व परास्नातक सातवें सेमेस्टर कैरी फॉरवर्ड के फॉर्म समर्थ पोर्टल के माध्यम से भरे जाएंगे। इसके अतिरिक्त स्नातक पंचम सेमेस्टर संस्थागत व कैरी तथा छूटे हुए सेमेस्टर के फॉर्म पूर्व की भांति विश्वविद्यालय पोर्टल से भरे जाने हैं। परिणाम संबंधी प्रकरणों के निस्तारण हेतु २४स्त्रस्त्रङ्ग१३@५२स्त्र४.ूल्ल पर ईमेल भेजा जा सकता है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी विभागाध्यक्षों, संकायाध्यक्षों व प्राचार्यों को निर्देशित किया है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कराएं, जिससे मुख्य परीक्षाएं समय पर आयोजित कराई जा सकें।



द आइडियल इंडिया

पीयू में पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर का हुआ आयोजन

उठें समाज के लिए, जगें राष्ट्र के लिए के संदेश के साथ कुलपति ने ठरु स्वयंसेवकों को किया प्रेरित

आइडियल इंडिया न्यूज
डा राजेश जैन जौनपुर

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय,जौनपुर में पूर्व गणतंत्र दिवस परेड 2026 हेतु चयन शिविर शुक्रवार 22 अक्टूबर 2026 को कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह के संरक्षकत्त्व में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध विभिन्न महाविद्यालयों से आए 200 से अधिक स्वयंसेवकों तथा स्वयंसेविकाओं ने प्रतिभाग किया। चयन शिविर की शुरूआत वन्देमातरम गीत से हुई उसके उपरांत मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ समरदीप सक्सेना, क्षेत्रीय निदेशक राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय लखनऊ, एवं श्री राजेश तिवारी, युवा अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय लखनऊ, उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत एवं कार्यक्रम विवरण कार्यक्रम समन्वयक डॉ शशिकांत यादव ने किया। मुख्य अतिथि डॉ समरदीप सक्सेना ने अपने संबोधन में कहा कि गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेना प्रत्येक युवा के लिए गर्व और सम्मान की बात है। लेकिन इस गौरवपूर्ण अवसर तक पहुँचने के लिए निरंतर अभ्यास, शारीरिक दक्षता, मानसिक दृढ़ता, समयबद्धता और अनुशासन की आवश्यकता होती है। परेड में कदमों का तालमेल केवल शारीरिक अभ्यास नहीं है, बल्कि यह एकता, समन्वय और सामूहिक उत्तर दायित्व का प्रतीक भी है। युवा अधिकारी राजेश तिवारी ने पी आरडी परेड के बारे विस्तार पूर्वक बताया और कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सेवा, संस्कार, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व का सशक्त माध्यम है। इसका उद्देश्य युवाओं को समाज की समस्याओं के प्रति संवेदनशील बनाना और उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। प्रो प्रमोद कुमार यादव ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मूल मंत्र हमें नहीं, बल्कि आप हमें निःस्वार्थ सेवा और सामूहिक उत्तरदायित्व का संदेश देता है। एक सच्चा स्वयंसेवक वही है, जो समाज की समस्याओं को समझे, उनके समाधान के लिए आगे आए और अपने आचरण से दूसरों के लिए प्रेरणा बने। प्रो मनोज मिश्र ने कहा कि युवा केवल देश का भविष्य नहीं, बल्कि वर्तमान में परिवर्तन लाने की सबसे बड़ी शक्ति हैं। आप अपनी ऊर्जा और प्रतिभा का उपयोग समाज की समस्याओं के समाधान के लिए करें। स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, नशामुक्ति और सामाजिक जागरूकता जैसे कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाएँ। कुलपति प्रो राकेश कुमार सिंह ने कहा कि ह्नउठें समाज के लिए उठें-उठें, जगें स्वराष्ट्र के लिए जगें-जगें। हमें प्रेरित करती हैं कि हम व्यक्तिगत स्वार्थों से ऊपर उठकर समाज और राष्ट्र के कल्याण के लिए कार्य करें। यह गीत केवल गाने के लिए नहीं, बल्कि अपने जीवन में उतारने के लिए है। जब हम समाज की समस्याओं के प्रति जागरूक होते हैं और उनके समाधान के लिए आगे आते हैं, तभी राष्ट्रीय सेवा योजना की भावना वास्तविक रूप में साकार होती है। मुझे विश्वास है कि वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक इस भावना को अपने आचरण में उतारते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन के वाहक बनेंगे। चयन प्रक्रिया तिलकधारी पीजी कालेज के संगीत विभाग के डॉ.नरेन्द्र देव पाठक, 98 एनसीसी यूपी बटालियन, एनसीसी सूबेदार मनोज सिंह, सूबेदार की देख-रेख में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक अभिनव कीर्ति पाण्डेय ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ राजश्री सिंह ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्वेता पांडेय, डॉ अजय मौर्य, डॉ. अरविंद यादव, प्राचार्य, मां इसराजी देवी पीजी कॉलेज जौनपुर तथा महाविद्यालयों के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अवधेश मौर्य, डॉ. सोमारूराम प्रजापति, डॉ राजेश तिवारी, डॉ पवन सिंह, डॉ. प्रभात कुमार, श्री भुलन सिंह, डॉ. नीलेश सिंह, डॉ. चित्रलेखा सिंह, डॉ. सुषमा मिश्रा, मनीष कुमार , डॉ अनुराग मिश्र, डॉ राशिकेश स्वयंसेववक सुमित सिंह, सत्यम सुंदरम मौर्य, हर्ष यादव, आंचल मौर्य, प्रियांशी मौर्य, प्रभात तिवारी, खुशी कन्नौजिया, श्रुति पाण्डेय, मुस्कान यादव सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहें।



कौटिल्य का भारत

पीयू में पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर का हुआ आयोजन

कौटिल्य का भारत



जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय,जौनपुर में पूर्व गणतंत्र दिवस परेड 2026 हेतु चयन शिविर शुक्रवार 22 अक्टूबर 2026 को कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह के संरक्षकत्त्व में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध विभिन्न महाविद्यालयों से आए 200 से अधिक स्वयंसेवकों तथा स्वयंसेविकाओं ने प्रतिभाग किया। चयन शिविर की शुरुआत वन्देमारम गीत से हुई उसके उपरांत मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ समरदीप सक्सेना, क्षेत्रीय निदेशक राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय लखनऊ, एवं श्री राजेश तिवारी, युवा अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय लखनऊ, उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत एवं कार्यक्रम विवरण कार्यक्रम समन्वयक डॉ शशिकांत यादव ने किया । मुख्य अतिथि डॉ समरदीप सक्सेना ने अपने संबोधन में कहा कि गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेना प्रत्येक युवा के लिए गर्व और सम्मान की बात है। लेकिन इस गौरवपूर्ण अवसर तक पहुँचने के लिए निरंतर अभ्यास, शारीरिक दक्षता, मानसिक दृढ़ता, समयबद्धता और अनुशासन की आवश्यकता होती है। परेड में कदमों का तालमेल केवल शारीरिक अभ्यास नहीं है, बल्कि यह एकता, समन्वय और सामूहिक उत्तरदायित्व का प्रतीक भी है।

जौनपुर धारा

पूर्वांचल विश्वविद्यालय में परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया शुरू, 30 तक मौका

31 अक्टूबर तक जमा होगा परीक्षा शुल्क, विषम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए निर्देश जारी

जौनपुर धारा

जौनपुर। वीरबहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर और संबद्ध महाविद्यालयों में सत्र 2026-27 की विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्र-छात्राओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन और शुल्क जमा करने के निर्देश दिए हैं।

परीक्षा नियंत्रक डॉ.विनोद कुमार सिंह के अनुसार, संस्थागत और कैरी फॉरवर्ड विद्यार्थियों के ऑनलाइन विषय चयन एवं सत्यापन की अंतिम तिथि 26अक्टूबर निर्धारित की गई है। परीक्षा फॉर्म भरने और सत्यापन की प्रक्रिया 30अक्टूबर तक पूरी करनी होगी, जबकि ऑनलाइन परीक्षा शुल्क 31 अक्टूबर तक जमा किया जा सकेगा। यह प्रक्रिया कुलपति प्रो.राकेश कुमार सिंह के निर्देश पर शुरू की गई है। स्नातक प्रथम व तृतीय सेमेस्टर तथा परास्नातक सातवें व नौवें सेमेस्टर के संस्थागत विद्यार्थियों के फॉर्म समर्थ पोर्टल से भरे जाएंगे।



स्नातक प्रथम और परास्नातक सातवें सेमेस्टर के कैरी फॉरवर्ड विद्यार्थियों को भी इसी पोर्टल का उपयोग करना होगा। वहीं, स्नातक पंचम सेमेस्टर के संस्थागत व कैरी फॉरवर्ड विद्यार्थियों तथा छूटे हुए सेमेस्टर के फॉर्म विश्वविद्यालय के पूर्व निर्धारित पोर्टल से भरे जाएंगे। परिणाम संबंधी समस्याओं के निस्तारण के लिए विद्यार्थी ह्यह्वश्चश्रहह्लञ्च1ड्ढह्यश्चह्व.ड्डष्.द्बठ्ठ पर ईमेल भेज सकते हैं। विश्वविद्यालय ने विभागाध्यक्षों, संकायाध्यक्षों और प्राचार्यों को समय सीमा के भीतर सभी औपचारिकताएं पूरी कराने के निर्देश दिए हैं, ताकि परीक्षाएं समय से आयोजित की जा सकें।

जौनपुर धारा
Web: www.Jaunpurdhara.com

संक्षिप्त समाचार

पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति ने मतदाताओं से की मतदान की अपील

जौनपुर धारा, जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.आर. के. सिंह ने आगामी राज्य विधान परिषद के द्विवार्षिक निर्वाचन को लेकर मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है।

विश्वविद्यालय द्वारा जारी आधिकारिक पत्र के अनुसार, 23 अक्टूबर को राज्य विधान परिषद के द्विवार्षिक निर्वाचन के लिए मतदान आयोजित होना है। इस निर्वाचन में स्नातक एवं शिक्षक स्नातक के वैध (बोनाफाइड) मतदाताओं द्वारा मतदान किया जाना है। कुलपति प्रो.आर.के. सिंह ने सभी पात्र मतदाताओं से आह्वान किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्रों पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें और लोकतंत्र को सशक्त एवं मजबूत बनाएं।

जौनपुर धारा

पूर्व गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयन शिविर में 200 से अधिक स्वयंसेवकों ने लिया हिस्सा

- पूर्वांचल विश्वविद्यालय में आयोजित शिविर में अनुशासन
- शारीरिक दक्षता और राष्ट्रसेवा के महत्व पर दिया गया जोर



जौनपुर धारा,जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में पूर्व गणतंत्र दिवस परेड (प्री-आरडी) 2026 के लिए शुक्रवार को चयन शिविर आयोजित किया गया। कुलपति प्रो.राकेश कुमार सिंह के संरक्षकत्व में आयोजित शिविर में विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न महाविद्यालयों के 200से अधिक राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) स्वयंसेवकों और स्वयंसेविकाओं ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम गीत और मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर हुई। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय, लखनऊ के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. समरदीप सक्सेना तथा युवा अधिकारी राजेश तिवारी का स्वागत कार्यक्रम समन्वयक डॉ. शशिकांत यादव ने किया। डॉ.समरदीप सक्सेना ने कहा कि गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेना युवाओं के लिए गर्व और सम्मान की बात है। इसके लिए नियमित अभ्यास, शारीरिक दक्षता, मानसिक दृढ़ता, समयबद्धता और अनुशासन जरूरी है। परेड में कदमों का तालमेल एकता और सामूहिक उत्तरदायित्व का प्रतीक है। राजेश तिवारी ने एनएसएस के माध्यम से सेवा, संस्कार, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा दी। प्रो.प्रमोद कुमार यादव ने एनएसएस के मूल मंत्र 'मैं नहीं, बल्कि आप' को निःस्वार्थ सेवा का संदेश बताया। प्रो. मनोज मिश्र ने युवाओं से स्वच्छता, पर्यावरण एवं जल संरक्षण, नशामुक्ति और सामाजिक जागरूकता के कार्यों में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। कुलपति प्रो.राकेश कुमार सिंह ने कहा कि युवाओं को व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर समाज और राष्ट्र के कल्याण के लिए काम करना चाहिए। उन्होंने विश्वास जताया कि विश्वविद्यालय के स्वयंसेवक एनएसएस की भावना को अपने आचरण में उतारकर सकारात्मक बदलाव लाएंगे। चयन प्रक्रिया तिलकधारी पीजी कॉलेज के संगीत विभाग के डॉ. नरेंद्र देव पाठक और 98 यूपी बटालियन एनसीसी के सूबेदार मनोज सिंह की देखरेख में संपन्न हुई। संचालन स्वयंसेवक अभिनव कीर्ति पांडेय ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. राजश्री सिंह ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय और संबद्ध महाविद्यालयों के कार्यक्रम अधिकारी, शिक्षक तथा बड़ी संख्या में स्वयंसेवक-स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहे।